53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:01 | वर्ष : 53/अंक : 223 बुधवार, 13 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

न्यूनतम 24.9°c
अधिकतम 30.9 °c

**अमृतवाणी**

दूसरों की गलती से भी सीखा करो, खुद की गलती से सीखने चलोगे तो सफलता जल्दी नहीं मिलेगी।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

केवल एक सीट नहीं, बल्कि बहुत सी सीटें हैं, जहां वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की जा रही है : राहुल गांधी



सब गड़बड़ियों को दूर करने ही के लिए एसआईआर जरूरी है.......




53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24

Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/अंक : 223 बुधवार, 13 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी, पंचमी सम्वत् 2082 मूल्य : 3 रुपये



## कौन होगा एनडीए का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार, पीएम मोदी-नड्डा चुनेंगे आज



**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के अंदर नए उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर मंथन जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार का चयन करेंगे। बता दें कि उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को चुनाव होना है, जबकि 21 अगस्त तक नामांकन की आखिरी तारीख है। इससे पहले 12 अगस्त को एनडीए के उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मौजूद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाद में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष द्वारा चुने गए अंतिम उम्मीदवार को एनडीए के सभी सहयोगियों की सहमति और समर्थन प्राप्त होगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा को अधिकृत करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में मौजूद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बाद में मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री और भाजपा अध्यक्ष द्वारा चुने गए अंतिम उम्मीदवार को एनडीए के सभी सहयोगियों की सहमति और समर्थन प्राप्त होगा।

# असामाजिक तत्वों के बड़े-बड़े खेल, सिर्फ भारत ही नहीं हैल्थ सप्लीमेंट बेचने के लिए अमेरिका, रूस और जापान की कम्पनियों के नाम का इस्तेमाल

### ▶▶ डेढ़ करोड़ रुपये के कच्चे माल व हैल्थ सप्लीमेंट सहित दो सगे भाई आसिफ व जावेद गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** मानों या न मानो जितने भी अनैतिक काम इस जनपद में हो रहे हैं, उनमें से अधिकांश के सूत्रधार भाईजान ही हैं। फिर चाहे ककरौली से दंगा कराने के लिए वीडियो वायरल करने का मामला हो या फिर हवाला के जरिए 24 लाख रुपये पकड़े जाने का मामला हो, या हथियारों की सप्लाई हो या चरस, स्मैक के धंधे हों। पूरा नेटवर्क अधिकांशतः असामाजिक तत्वों ने ही कब्जा रखा है। हालांकि इन सब बातों से किसी की आंख खुलने वाली नहीं है। चार लाइन पढ़कर सब अनदेखा कर दिया जायेगा मगर आने वाले समय में इसी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंदर ऐसे ही लोग कब भौकाल मचा देंगे, यह कहा नहीं जा सकता। पुलिस लाइन में मंगलवार को प्रेसवार्ता करते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान को सूचना मिली कि क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर में हर्बल पावर फार्मेसी के नाम से लाइसेंस की आड में अमेरिका, जापान व रूसी कम्पनियों के नाम पर फर्जी तरीके से नकली हैल्थ सप्लीमेंट तैयार किया जा रहा है। सूचना पर जब छापामारी की गयी तो दो सगे भाईयों आसिफ सैफी व जावेद निवासीगण किदवईनगर, स्थाई पता हरसौलिया पट्टी, पुरबालियान, थाना मंसूरपुर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने लाखों रुपये की भारी मात्रा में हैल्थ सप्लीमेंट तैयार व कच्चा माल बरामद किया। एसपी सिटी ने यह भी बताया कि उनके पास रसिया व यूएसए कम्पनी का माल नहीं आता था। आरोपियों ने विदेशी कम्पनियों के लेबल व रैपर बनवाकर उनमें उनके द्वारा तैयार किया गया नकली हैल्थ सप्लीमेंट पैक कर बाजार में उतारा जा रहा था। कार्यवाही के दौरान उनके पास से रसिया की अंजेग फार्मा, अमेरिका की एडवांस माइड्रोल व जापान की रेपिड कट्स कम्पनियों के नकली रैपर, डिब्बे बरामद हुए हैं। आरोपियों से बरामद नकली हेल्थ सप्लीमेंट व कच्चे माल की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बताई गयी है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई भी करेगी।

### पढ़िए डेढ़ करोड़ के माल में क्या-क्या चीजें थी शामिल

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस ने किदवईनगर के एक मकान से रूसी, जापान व अमेरिकी ब्रांडेड कम्पनी के रैपर, स्टीकर, बार कोड, मैनूफैक्चरिंग के स्टीकर, साढे 4 किलो की बाल्टी, डिब्बे, मेड इन यूएसए कैप्सूल की 125 शीशी, कच्चे माल से भरे ड्रम, 2 किलो सिल्वर रंग के कैप्सूल, इलेक्ट्रानिक मशीन, ड्रायर मशीन, पैकिंग मशीन, पैकिंग मशीन समेत, एमआरपी प्रिंट निकलने वाली मशीन सहित अन्य सामान बरामद किया है।





### दिल्ली से मंगाया जा रहा था फर्जी रैपर व अन्य उपयोगी सामान

**मुजफ्फरनगर।** दोनों भाई आसिफ व जावेदन इतने शातिर थे कि उन्हें किसी प्रकार का कोई खौफ किसी विभाग का नहीं दिखता था, क्योंकि सिर्फ विदेशी कम्पनियों के रैपर ही नहीं बल्कि आरोपी अपनी ही फैक्ट्री में प्रोडक्ट पर एमआरपी, बैच नम्बर डालने के काम को भी बखूबी अंजाम देते थे। इसी के साथ-साथ कच्चा माल भी दिल्ली से ही उपलब्ध कराया जा रहा था। पुलिस का बताना है कि पुलिस दिल्ली से नकली रैफर व डिब्बे व अन्य सामान बनाने वालों पर भी जल्द ही शिकंजा कसेगी और उक्त दोनों भाई-भाई कहां-कहां इस माल को सप्लाई करते थे, इसकी भी जांच करेगी और कौन-कौन लोग इस गोरखधंधे में शामिल हैं उनको भी जल्द ही अपनी पकड़ में लेगी।

# ऑनलाइन मंगाई चीनी, साथ में मिला कांच

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर में ऑनलाइन शॉपिंग का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर में रहने वाले एक परिवार ने प्रमुख ऑनलाइन शॉपिंग वेबसाइट से पांच किलो चीनी का पैकेट ऑर्डर किया, लेकिन जब पैकेट खोला गया, तो उसमें चीनी के साथ कांच के छोटे-बड़े कई टुकड़े मिले। इस घटना से परिवार में हड़कंप मच गया और उन्होंने तत्काल इसकी शिकायत ऑनलाइन कंपनी से कर दी। परिवार के मुखिया पूर्व विधायक ठाकुर जगत सिंह ने बताया कि उन्होंने घर में इस्तेमाल के लिए वो पहले से ही जिओ मार्ट से घर की रसोई का सामान मंगवाते रहते है, लेकिन इस बार जब जिओ मार्ट से पांच किलो चीनी मंगवाई गई तो, जरूरत पड़ने पर पैकेट खोला गया, जिसके बाद उनके यहां काम करने वाले लड़के ने चीनी निकालने के लिए हाथ अंदर डाला, तभी उसको हाथों में चुभन महसूस हुई। शक होने पर जब उसने चीनी के कट्टे से चीनी बाहर निकाली, तो उसमें से कांच के कई छोटे बड़े टुकड़े निकले। उनका कहना है कि ये कंपनियां लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर इसका इस्तेमाल हो जाता, तो किसी की भी जान जा सकती थी। ऐसे में पूर्व विधायक ने इसकी शिकायत तत्काल थाना सिविल लाइन पुलिस को खुद थाने पहुंचकर की साथ ही उन्होंने इस बड़ी लापरवाही को लेकर कंपनी के खिलाफ विधानसभा के स्पीकर, सचिव और मुख्यमंत्री से भी प्रदेश की जनता से हो रहे खिलवाड़ को लेकर शिकायत करने की बात कही। यह कोई पहला मामला नहीं है।







इससे पहले भी ऑनलाइन शॉपिंग को लेकर अलग-अलग कई मामले सामने आते रहे हैं, लेकिन मामला ऑनलाइन शॉपिंग में बेची जा रही खाद्य सामग्री की सुरक्षा से जुड़ा है, जो गंभीर सवाल खड़े करता है। फिलहाल मामले की शिकायत तो कर दी गई है। अब स्थानीय प्रशासन मामले में क्या संज्ञान लेता है, ये बड़ा जांच का विषय है।

### नए अध्यक्ष को लेकर इस बड़े नेता का नाम आया सामने

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** बीजेपी में नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का नाम सामने आया था, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव के चलते यह बातचीत रुक गई थी। अब सूत्रों के हवाले से शिवराज सिंह चौहान का नाम सामने आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए आरएसएस बीजेपी अध्यक्ष पद के लिए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम में खासी दिलचस्पी दिखा रहा है। भले ही शिवराज का नाम इस दौड़ में नया हो, लेकिन उनके पास मुख्यमंत्री के रूप में लंबे समय तक काम करने का अनुभव है, जो उन्हें एक मजबूत दावेदार बनाता है। सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि संघ ने उनके नाम पर अपनी मंजूरी भी दे दी है। शिवराज सिंह चौहान के अलावा बीजेपी के भीतर कुछ और बड़े नेताओं के नाम भी चर्चा में हैं। इनमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान जैसे नेता शामिल हैं। ये दोनों नेता भी पार्टी और सरकार में अहम पदों पर रह चुके हैं और उनका संगठनात्मक अनुभव भी काफी अच्छा है। अभी तक किसी भी नाम की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन शिवराज सिंह चौहान का नाम सामने आने के बाद से यह चर्चा और भी दिलचस्प हो गई है। बीजेपी के नए अध्यक्ष के चुनाव का फैसला पार्टी की आगे की रणनीति और नेतृत्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

## कॉन्स्टिट्यूशन क्लब चुनाव में कड़ी टक्कर देने के बाद भी डॉक्टर संजीव बालियान हारे



**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब चुनाव में मंगलवार को दिन निकलते ही सरगर्मियां देखने को मिली और संजीव बालियान समर्थकों का सुबह से ही चुनाव स्थल पर जमावड़ा लग गया। मगर शाम होते-होते जब वोट डलने के बाद गिनती शुरू हुई तो कुल 707 मत पड़े, जिसमें से समाचार लिखे जाने तक 250 से अधिक मत संजीव बालियान को प्राप्त हो चुके थे, मगर बावजूद उसके वे जीत से बहुत दूर थे। ऐसे में समाचार लिखे जाने तक पूरी गिनती तो नहीं हो पायी थी, मगर यह तय हो चुका था कि संजीव बालियान के प्रतिद्वंदी राजीव प्रताप रूडी जीत चुके थे और उक्त जीत समाचार लिखे जाने तक 50 से अधिक मतों से बताई जा रही थी। हार के बावजूद भी डॉ. संजीव बालियान को इसलिए निराशा नहीं हुई, क्योंकि यह चुनाव लड़ना ही अपने आप में बड़ी बात थी, क्योंकि राजीव प्रताप रूडी इस चुनाव के मों हुए खिलाड़ी हैं। इसके बावजूद भी संजीव बालियान ने उन्हें कड़ी टक्कर दी। बेशक उनकी हार से उनके समर्थकों को निराशा हाथ लगी, मगर दिग्गजों की तरह चुनाव लड़ना अपने आपमें काबिले तारीफ रहा।



## अकेले मुजफ्फरनगर की बहनों के लिये बस यात्रा के जरिये सरकार ने दिया लगभग 27 लाख का तोहफा

### ▶▶ 1 लाख 35 हजार से ज्यादा बहनों ने उठाया जनपद में फ्री यात्रा का लाभ

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** कहना कितना आसान होता है कि बहनों और उनके सहयात्रियों को रक्षाबंधन पर उपहार के रूप में फ्री यात्रा का तोहफा दिया जाए, मगर प्रेमपूर्वक दिया गया यह उपहार सस्ता भी नहीं पड़ता है। मुजफ्फरनगर बुलेटिन ने इसके खर्चे का आंकड़ा जुटाया, तो हैरान कर देने वाला आंकड़ा अकेले मुजफ्फरनगर जनपद से सामने आया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो उपहार निःशुल्क यात्रा के रूप में बहनों को दिया है, वह लगभग 27 लाख रुपये के रूप में हैं और यह खर्च सिर्फ डीजल का है। ड्राइवर कण्डेक्टर और गाड़ी की मेंटिनेस का खर्च इसमें हमने शामिल नहीं किया है।

इस बार योगी सरकार ने ऐतिहासिक फैसला लेते हुए रक्षाबंधन पर बहनों के लिए 8 अगस्त सुबह 6 बजे से 10 अगस्त रात 12 बजे तक बस सेवा फ्री कर दी थी। साथ ही इतना ही नहीं साथ में एक सहयोगी को भी यात्रा फ्री देना अपने आप में बहुत बड़ी हिम्मत का काम है। हम आपको वो आंकड़ा बताएंगे जिसके तहत आप समझ जाएंगे कि जनपद के रोडवेज डिपो को रक्षाबंधन के दौरान कितना बोझ पड़ा होगा। आपको बता दें कि 8 अगस्त को 39,679, 9 अगस्त को 55,850 और 10 अगस्त को 37,664 बहनों ने फ्री यात्रा का लाभ उठाया जो कि कुल आंकड़ा बनता है 1 लाख 33 हजार 193 का। यह भी दिनांक 12 अगस्त 2025 दोपहर ढाई बजे तक का है। अभी इसके बाद कुछ बसों का आंकड़ा सामने आना बाकी है। अगर रोडवेज के एआरएम प्रभात कुमार सिन्हा की मानें तो यह आंकड़ा 2 लाख से ऊपर जा सकता है। वहीं दूसरी ओर इन बहनों की फ्री यात्रा में प्रयोग हुई बसों के डीजल की बात करें, तो लगभग तीन दिनों में 30 हजार 101 लीटर डीजल का प्रयोग अकेले मुजफ्फरनगर रोडवेज डिपो में किया गया है, जोकि लगभग 27 लाख रुपए के आसपास का बैठता है। ऐसे में आप खुद ही समझ सकते हैं कि इसे इतना बड़ा तोहफा नहीं तो और क्या कहेंगे? अगर किसी की असफलता की चर्चा हो सकती है तो किसी के इतने बड़े सफल कार्य की सरहाना न हो, यह तो सरासर बेईमानी होगी। फिर भी प्रदेश सरकार का यह एक सराहनीय कदम कहा जाएगा और उन सभी अधिकारियों को भी बहनें धन्यवाद कर रही होंगी, जो इस दौरान अपनी दिन-रात सेवायें देते रहे हैं।




### जस्टिस वर्मा कैश कांड की जांच कमेटी की गई गठित

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** कैश कांड की वजह से सुर्खियों में आने वाले जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 146 सांसदों के साइन किए प्रस्ताव को लोकसभा स्पीकर ने स्वीकार कर लिया है। स्पीकर ओम बिरला ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल की घोषणा की। स्पीकर ने कहा, " कमेटी के सदस्यों में सर्वोच्च न्यायालय के जज, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हैं। इस मामले में कमेटी पहले अपनी रिपोर्ट देगी। तब तक यह प्रस्ताव लंबित रहेगा। लोकसभा स्पीकर ने कहा कि पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजेंगे। इस मामले में सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए, यह बेहद गंभीर मामला है। कमेटी जल्द ही अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस दौरान स्पीकर ने बताया कि उनके परिसर में आग लगने के कारण नगदी बरामद हुई, जिसका विवरण सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक किया था। जस्टिस यशवंत वर्मा को पद से हटाने के लिए कार्यवाही का रास्ता उसी वक्त साफ हो गया था, जब सुप्रीम कोर्ट ने आंतरिक प्रक्रिया की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कार्यवाही का अंश पढ़ते हुए कहा था कि हमने कहा है कि हमारी किसी भी टिप्पणी से भविष्य की कार्यवाही में याचिकाकर्ता को कोई नुकसान न हो। हम सावधानी से कदम उठाएंगे। भविष्य में यदि आवश्यक हो, उचित उपायों के माध्यम से शिकायतें उठाने की संभावना खुली है।

### स्कूल बस ने स्कूटी सवार महिला को 50 मीटर दूर तक घसीटा

**मुरादाबाद, 12 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के मुरादाबाद से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी और करीब 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गनीमत रही कि महिला बस के पहियों के नीचे आने से बच गई, लेकिन वह घायल हो गई। गुस्साए लोगों ने बस चालक को पकड़कर उसकी पिटाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। यह हादसा गलशहीद थाना क्षेत्र के प्रिंस रोड पर हुआ। स्कूटी सवार महिला की पहचान श्रेया के रूप में हुई है, जो रुद्रपुर की रहने वाली है और मुरादाबाद के एक बैंक में काम करती है। वह बैंक से खाना खाने के लिए जा रही थी, तभी एक प्राइवेट पब्लिक स्कूल की बस ने उनकी स्कूटी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बस चालक ने बस को रोका नहीं और महिला को स्कूटी समेत घसीटते हुए ले गया। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि महिला को घसीटा जा रहा है और अचानक वह स्कूटी से छिटककर दूर गिर जाती है। इसके बावजूद, बस चालक ने बस नहीं रोकी। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोग दौड़कर घायल महिला के पास पहुंचे और उन्हें तुरंत मदद दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला 50 मीटर से ज्यादा दूर तक घसीटती गईं। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है।

## 10-15 साल पुराने वाहनों को फिलहाल राहत, सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती न करने के दिये निर्देश

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** 10-15 साल पुराने वाहनों के लिये कुछ समय के लिये राहत भरी खबर आई है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर फिलहाल कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस (सीजेआई) बी.आर.गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एन.वी. अंजारिया की बेंच ने यह आदेश दिया। यह फैसला तब आया, जब दिल्ली सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया कि ऐसे वाहनों के मालिकों पर जबरदस्ती कोई कार्रवाई न की जाए। शीर्ष कोर्ट ने कहा, नोटिस जारी किया जाए। चार हफ्तों में जवाब मांगा गया है। इस बीच, हम निर्देश देते हैं कि डीजल के 10 साल पुराने और पेट्रोल के 15 साल पुराने वाहनों के मालिकों के खिलाफ कोई सख्ती न की जाए। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी और कहा था कि 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों पर पूरी तरह से रोक लगाना अनुचित है। बता दें कि साल 2014 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से पुरानी पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 में इस आदेश को बरकरार रखते हुए दिल्ली के परिवहन विभाग को ऐसी गाड़ियों को जब्त करने और स्क्रैप करने का निर्देश दिया। दिल्ली सरकार ने फरवरी 2024 में आदेश जारी करके पुरानी करीब 62 लाख पेट्रोल-डीजल गाड़ियों को सड़कों से हटाने और स्क्रैप करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था, लेकिन इस आदेश का विरोध हुआ। लोगों और सामाजिक संगठनों ने आदेश पर कड़ी आपत्ति जताई।



## बारिश से गिरा कच्चा मकान, मजदूर परिवार बाल-बाल बचा, सामान मलबे में दबा

**चरथावल, 12 अगस्त (बु.)।** ब्लॉक स्थित ग्राम ज्ञाना माजरा रोडान में देर रात हुई भारी बारिश ने एक गरीब परिवार का घर छीन लिया। मजदूर सतीश पुत्र धर्मपाल का कच्चा मकान बारिश के कारण भरभराकर गिर गया। घटना के समय सतीश का परिवार घर में ही था। परिवार ने समय रहते घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। मकान गिरने से घर का सारा सामान मलबे में दब गया। परिवार को रात पड़ोसी के घर में शरण लेनी पड़ी। सतीश मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उसके परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं, दो लड़के और दो लड़कियां। मकान की दीवारें कच्ची थीं, हालांकि छत पर सीमेंटेड चादर लगी हुई थी। बारिश के कारण देर रात दीवारें ढह गईं। ग्रामवासियों ने घटना की सूचना जिला पंचायत सदस्य विकास शर्मा को दी। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान संतराम और विकास शर्मा ने स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एसडीएम सदर से पीड़ित परिवार की मदद की मांग की। एसडीएम ने मौके का मुआयना करने और परिवार की मदद का आश्वासन दिया है।



## आकाशदीप सिंह की 62 लाख की कार ने डाली मुश्किल

**लखनऊ, 12 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेटर आकाशदीप सिंह को बिना पंजीकरण और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट एचएसआरपी लगाए फार्च्यूनर वाहन डिलीवर कर दिया गया। परिवहन विभाग ने इसे लापरवाही और नियमों का उल्लंघन करार देकर डीलर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मेसर्स सनी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के ही अमौसी शोरूम से इनोवा वाहन को भी बिना पंजीकरण डिलीवर किया गया था, एआरटीओ ने वाहन को जांच में पकड़ा। परिवहन विभाग ने डीलर का ट्रेड लाइसेंस एक माह के लिए निलंबित कर दिया है। परिवहन विभाग ने कार मालिक क्रिकेटर आकाशदीप सिंह को मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 39, 41(6) एवं 207 के तहत वाहन उपयोग रोकने का नोटिस जारी किया है। निर्देश दिया गया है कि जब तक सभी विधिक औपचारिकताएं पूरी नहीं हो जाती, वाहन को सड़क पर न चलाया जाए। उल्लंघन की स्थिति में वाहन जब्त करने और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सड़क सुरक्षा के लिए वाहन डिलीवरी संबंधी नियमों के उल्लंघन पर सख्त कदम उठाया गया है। राजधानी में मेसर्स सनी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड के पास दो ट्रेड सर्टिफिकेट अमौसी और चिनहट में हैं। चिनहट शोरूम से टोयोटा फार्च्यूनर सात अगस्त को क्रिकेटर आकाशदीप सिंह को बेची गई, आठ अगस्त को वाहन का बीमा हुआ, लेकिन रोड टैक्स आदि जमा नहीं हुआ। डिलीवरी पंजीयन प्रक्रिया पूरी किए बिना हुई इस मामले में डीलर को कारण बताओ नोटिस जारी करके 14 दिन में जवाब मांगा गया है।



॥ ॐ शांति ॐ ॥

## श्रद्धांजलि सभा



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे सुपुत्र **श्री पुनीत रनदेव** का आकस्मिक निधन दिनांक 05/08/2025, दिन- मंगलवार को हो गया था। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

-: श्रद्धांजलि सभा :-

14 अगस्त 2025, दिन- बृहस्पतिवार

श्रद्धांजलि सभा :- दोपहर 1:00 से 02:00 बजे

स्थानः- अर्पण बैंकेट हॉल, निकट महावीर चौक, मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

शोकाकुल परिवारः-

श्रीमती भावना रनदेव- श्री प्रदीप कुमार (माता- पिता)
श्रीमती हिमानी-श्री विपुल सचदेवा (बहन-बहनोई)
श्री महेश कुमार (ताऊ) श्रीमती मंजु रनदेव (ताई)
श्रीमती आकांक्षा -संदीप अग्निहोत्री (बहन-बहनोई)
श्री आशु रनदेव-श्रीमती कनिका रनदेव (भाई-भाभी)
विराज अग्निहोत्री (भांजा)
डॉ० अमित रनदेव-श्रीमती अपेक्षा रनदेव (एडवोकेट)(भाई-भाभी)
विद्युत अग्निहोत्री (भांजा)
शिवान रनदेव (भतीजा) दिव्याक्षी रनदेव (भतीजी) एवं समस्त रनदेव परिवार

प्रतिष्ठानः- इंटरनेशनल ट्रेडर्स (अस्त्र-शस्त्र विक्रेता) मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

निज निवास :- 34/14, दक्षिणी सिविल लाईन्स, मुजफ्फरनगर

M.: 9837141234, 8979780000

कृपया पगड़ी लाने का कष्ट न करें।



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## आसिम मुनीर या ओसामा बिन लादेन

पाकिस्तानी सेना का फील्ड मार्शल आसिम मुनीर एक बार फिर अहमकाना और दहशतगर्दाना बयानबाजी पर उतर आया है। अमेरिका ही में मुनीर को वर्दी वाला आतंकी और सूट वाला ओसामा बिन लादेन कहा जा रहा है। उसने अमेरिका में फिर वैसा ही अहमकाना बयान दिया है, जैसा पहलगाम हमले से पहले पाकिस्तान में दिया था, मुनीर फिर बौखलाया हुआ लग रहा है। मुनीर ने भारत को मर्सिडीज कार और पाकिस्तान को डंप ट्रक बताया। कहा कि दोनों की टक्कर हो, तो सब जानते हैं किसका क्या हश्र होगा। फिर धमकी देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान के अस्तित्व पर खतरा आया, तो वह आधी दुनिया को अपने साथ ले डूबेगा। यानी पाकिस्तान अपने परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने से नहीं हिचकेगा। मुनीर ने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु नदी का पानी रोकने के लिए बांध बनाया, तो हमारे पास मिसाइलों की कमी नहीं है। हम 10 मिसाइल मारकर बांध को उड़ा देंगे। अमेरिका के दौरे पर गए मुनीर ने यह धमकी फ्लोरिडा के टैम्पा में पाकिस्तानी मूल के कारोबारी की तरफ से रखे गए डिनर कार्यक्रम में दी थी। भारत के विदेश मंत्रालय ने मुनीर को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसी टिप्पणियों में छिपी गैर-जिम्मेदारी को समझें। यह बयान इस बात का सबूत है कि पाकिस्तान में परमाणु कमान और नियंत्रण व्यवस्था कितनी असुरक्षित है, खासकर वहां की सेना के आतंकवादी संगठनों से रिश्तों को देखते हुए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी टिप्पणियां किसी मित्र देश की धरती से दी जा रही हैं। भारत के लिए यह पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान ने परमाणु हमले की धमकी दी हो। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने इसी तरह की धमकियां दी थीं, लेकिन भारत ने अपने सैन्य अभियान जारी रखकर इन्हें झूठा साबित कर दिया। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि भारत ने पाकिस्तान के किराना हिल्स स्थित परमाणु ठिकाने के पास तक निशाना साधा था। पाकिस्तान ने पानी से लॉन्च होने वाली क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है, लेकिन इसे पूरी तरह ऑपरेशनल नहीं माना जाता। पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर की ओर से दिए गए परमाणु धमकी वाले बयान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि जिस तरह वो अमेरिका की धरती से धमकी भरी टिप्पणियां कर रहे हैं, वो एक दुष्ट देश की तरह व्यवहार कर रहे हैं। रुबिन ने तत्काल कूटनीतिक एक्शन की मांग करते हुए कहा कि पाकिस्तान का एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा छिनना चाहिए और उसे आतंकवाद का प्रायोजक देश घोषित करना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि जनरल मुनीर को अवांछित व्यक्ति घोषित किया जाना चाहिए और उनके अमेरिकी वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। इसके अलावा मुनीर को तुरंत अमेरिका से बाहर निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है और उन्होंने सेना प्रमुख की बयानबाजी की तुलना आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन द्वारा पहले दिए गए बयानों से की। रुबिन ने पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर को ओसामा बिन लादेन बताया और कहा कि पाकिस्तानी आर्मी चीफ आसिम मुनीर सूट पहने हुए ओसामा बिन लादेन हैं। उन्होंने कहा कि वह समय आ गया है कि जब अमेरिका, पाकिस्तान में उसके परमाणु हथियारों की सुरक्षा के लिए कुछ ठोस कदम उठाए और क्षेत्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करे। रुबिन ने कहा, आसिम मुनीर को ये टिप्पणियां करने के 30 मिनट के भीतर ही अमेरिका से बाहर निकाल दिया जाना चाहिए था। आसिम मुनीर की धमकी पर असदुद्दीन ओवैसी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। औवैसी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मामले को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया दी। असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की अमेरिका की धरती से भारत के खिलाफ ताजा परमाणु धमकी की निंदा की। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार को इस पर राजनीतिक प्रतिक्रिया देनी चाहिए। औवैसी ने संसद के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर मामले को लेकर तल्ख प्रतिक्रिया दी। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, पाकिस्तान के सेना प्रमुख के शब्द और उनकी धमकियां निंदनीय हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि यह अमेरिका की ओर से हो रहा है, जो भारत का रणनीतिक साझेदार है। वह एक 'सड़कछाप आदमी' की तरह बोल रहे हैं। हमें यह भी समझने की जरूरत है कि पाकिस्तानी सेना और उनके डीप स्टेट से लगातार खतरे को देखते हुए हमें अपना रक्षा बजट बढ़ाना होगा, ताकि हम तैयार रह सकें। ओवैसी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'पाकिस्तानी सेना प्रमुख की भारत के खिलाफ धमकियां और भाषा निंदनीय हैं। उन्होंने अमेरिकी धरती से ऐसा किया, जिससे यह और भी बदतर हो जाता है। इस पर मोदी सरकार की ओर से राजनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है, न कि केवल विदेश मंत्रालय के बयान की। इस मामले पर कांग्रेस के किसी बड़े नेता का बयान नहीं आया है। कांग्रेस इन दिनों चुनाव आयोग से उलझी हुई है, लेकिन कांग्रेस का एक और नेता प्रधानमन्त्री मोदी का मुरीद हो गया है। दिवंगत कांग्रेसी नेता अहमद पटेल के बेटे फैजल ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अहमद पटेल का कांग्रेस पार्टी में बड़ा कद था और वह सोनिया गांधी के बेहद करीबी माने जाते थे। पीएम मोदी और उनके नेतृत्व को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में फैजल पटेल ने कहा कि जो सरकार चला रहे हैं, उनसे बेहतर नहीं हो सकता है। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दों पर उनके विचार कांग्रेस पार्टी से अलग हैं। फैजल ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर पीएम मोदी की तारीफ की और कहा कि उन्होंने एक बड़े संकट से निकाला। उन्होंने कहा कि सैन्य बलों ने बहुत अच्छा काम किया। पीएम मोदी जी ने अच्छा नेतृत्व करते हुए देश को बड़े संकट से निकाला। यह बड़ी बात है। मुझे अपने जवानों, सैन्य बलों पर गर्व है। फैजल ने साफ किया कि वह कुछ समय के लिए राजनीतिक गतिविधियों से दूर हैं, लेकिन कांग्रेस पार्टी के सदस्य हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'दहशत' 'जिन्दगी' 'केसर' 'सेब'

अब साफ होना चाहिए दहशत का हर निशां,
लाशों का दौर खत्म हो लहराए जिन्दगी।
केसर की, सेब, शॉल की दुनिया में धूम हो,
ये देश चाहता है के वादी में हो खुशी।

# द्वापर युग के सनातनी वैभव के दर्शन कराने की शुकतीर्थ में तैयारी

- भागवत महोत्सव-मोक्ष कुंभ की तैयारियों में जुटा प्रशासन
- मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विचार मंथन, बांटी गई जिम्मेदारी
- अयोध्या-काशी की तर्ज पर होंगे आधुनिक तकनीक के दर्शन



मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। पौराणिक मान्यताओं के बीच भागवत कथा की जन्मभूमि और धार्मिक आस्था का केंद्र माने जाने वाला शुक्रतीर्थ अब इतिहास व आध्यात्मिकता का अद्वितीय संगम बनने जा रहा है। आने वाले दिनों में यहां पर भागवत महोत्सव मोक्ष कुम्भ का ऐसा आयोजन होगा, जिसमें काशी की भव्यता, अयोध्या का दिव्य दीपोत्सव के साथ द्वापर युग का अलौकिक वैभव एक साथ दर्शन देगा। इसके साथ ही श्रद्धालु न केवल यहां कथा और संत-समागम का आनंद लेंगे, अपितु गंगा घाट पर लेजर लाइट शो और पौराणिक संस्कृति में आधुनिकता के संगम की धार्मिक थीम के जरिये द्वापर काल की जीवंत झलक देखने को मिलेगी। मंगलवार को तीर्थनगरी श्री शुक्रतीर्थ में भागवत महोत्सव-मोक्ष कुम्भ के भव्य आयोजन की दिशा में शुरू कवायदों के बीच कार्य योजना को लेकर मंडलायुक्त की अध्यक्षता में मंथन किया।

विकास भवन सभागार में संपन्न बैठक में काशी-अयोध्या की तर्ज पर लेजर लाइट व दीपोत्सव के साथ पौराणिक एवं ऐतिहासिक थीम पर मोक्ष कुम्भ महोत्सव आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मंडलायुक्त अटल कुमार राय की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में इस आयोजन की कार्य योजना पर चर्चा की गई। शुकतीर्थ में आयोजित होने वाले महोत्सव में देशभर से विख्यात कथा वाचक, महामंडलेश्वर, साधु-संत व अन्य धार्मिक हस्तियां आमंत्रित होंगी, जिससे आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। जिला प्रशासन ने आयोजन में आने वाले श्रद्धालु व पर्यटकों को द्वापर युग की अनुभूति कराने के साथ अद्वितीय धार्मिक माहौल का अनुभव कराने की त्रैयारी है, जिसका जिम्मा एमडीए को मिला है। जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सफलता के लिए जिम्मेदारियां तय करते हुए सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल और विद्युत आपूर्ति, मंच सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संत-आवास आदि मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह भव्य मोक्ष कुम्भ न केवल मुजफ्फरनगर अपितु इस जनपद के साथ शुकतीर्थ को भी राष्ट्रीय व धार्मिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा। इस बैठक में डीएम उमेश मिश्रा, एमडीए की उपाध्यक्ष कविता मीना, सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देश भूषण, एडीएम प्रशासन संजय कुमार सिंह, एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर इस सम्बन्ध में एमडीए सचिव कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शुकतीर्थ में भव्य भागवत महोत्सव के निर्देश शासन स्तर से प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए यहां मोक्ष कुम्भ आयोजित कराने को लेकर बैठक की गई। उन्होंने बताया कि शुकतीर्थ में आगामी भागवत महोत्सव मोक्ष कुंभ में श्रद्धा, संस्कृति व आस्था के साथ आधुनिक तकनीक का ऐसा संगम होगा, जिसमें गंगा घाट पर दीपोत्सव की स्वर्णिम आभा, लेजर लाइट शो के साथ अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा।

# अब आशा एचआईवी-एड्स की बात लेकर जाएंगी घर-घर

**- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर शुरू हुआ जागरूकता अभियान - 150 गांवों में किया जाएगा लोगों को इसके प्रति जागरूक**



मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने एचआईवी, एड्स व टीबी जैसी बीमारियों को लेकर जिले में जागरूकता अभियान शुरू कर दिया। दो माह तक चलने वाले अभियान के बीच स्वास्थ्य विभाग की टीमें चिह्नित करते हुए 150 गांवों में लोगों को बीमारियों के लक्षण, उपचार व बचाव की जानकारी देंगी। इसके साथ ही इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों को सरकारी स्तर पर जांच, उपचार और सहायता उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा व सहयोग भी सुनिश्चित करने का काम किया जायेगा। सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया ने चिकित्सालय के रेडक्रास भवन में आयोजित वार्ता में बताया कि एचआईवी व एड्स को लेकर पूरे समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने, मरीजों के साथ भेदभाव न करने के संदेश को प्राथमिकता देते हुए जन जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में 14 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के साथ खतौली व बुढ़ाना में कार्यरत स्वास्थ्य केंद्रों पर ही उपचार की सुविधा मिल सकेगी, जिससे जिला अस्पताल में भीड़ और कार्य का बोझ दोनों घटेंगे। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ाना हमारा बड़ा लक्ष्य है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने अभियान का शुभारंभ करते हुए कहा कि इस अभियान के दौरान लोगों को बीमारियों से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ दो माह तक आशा कार्यकर्ता प्रत्येक गांव में 15-15 घरों के दौरे के साथ 6 हजार से अधिक घरों को कवर किया जाएगा। युवाओं को इससे जोड़ने के लिए कई गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने बताया कि जिले में 9,081 टीबी मरीज खोजने के लक्ष्य के सापेक्ष अभी 6,500 से अधिक मरीज तलाशे जा चुके हैं, जिन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये भत्ता दिया जा रहा है। साथ ही पोषण पोटली योजना के तहत 6 महीने तक पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जाएगा। टीबी उन्मूलन अभियान के तहत अब तक 4,000 मरीज गोद लिए जा चुके हैं, जिनके पोषण व उपचार की जिम्मेदारी डीएम समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, सामाजिक संस्थाएं और निक्षय मित्र के रूप में आगे आए लोग निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एचआईवी व एडस जागरूकता अभियान के तहत 19 अगस्त को जीआईसी मैदान में क्विज प्रतियोगिता व मैराथन दौड़ का आयोजन होगा। इस दौरान डॉ. गीतांजलि वर्मा समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में 16 को होगा जन्माष्टमी उत्सव

**- 82वें श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जुटेंगी देशभर से कीर्तन मंडली**

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम रुड़की रोड पर जन्माष्टमी उत्सव पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी शनिवार 16 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है।

कुष्ठ आश्रम मंदिर के 82वें श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव में शनिवार को प्रातः बेला में सुबह 10 बजे से 24 घंटे अखंड रामायण, कीर्तन और हवन यज्ञ प्रारंभ होगा, जो अगले दिन 17 अगस्त रविवार को मंदिर प्रांगण में अखंड कीर्तन के समापन, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम के साथ संपन्न किया जाएगा। इसके साथ दो दिवसीय श्री राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर प्रांगण में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी भारतवर्ष के विभिन्न कुष्ठ आश्रमों के कुष्ठ रोगी अपनी कीर्तन मंडली के साथ यहां होने वाले आयोजन में शामिल हो रहे हैं। कुष्ठ आश्रम मंदिर समिति के अध्यक्ष तपन चटर्जी, सचिव लखी कांत व कोषाध्यक्ष मनोज सिंह ने जनपद के धर्मपरायण दानदाताओं से इस पर्व पर कुष्ठ आश्रम स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में परिवार समेत आने का आह्वान किया है।

# तिरंगा यात्रा में दिखी देशप्रेम की झलक





भोपा, 12 अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा मंगलवार को कस्बा भोपा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के दौरान आसमान भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा गंग नहर पुल से आरंभ होकर भोपा थाने पर समाप्त हुई, जिसके बाद भोपा थाने में सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया, जिसमें भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ पुलिसकर्मियों ने भी प्रतिभाग किया। कस्बा भोपा में मंगलवार को भाकियू अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष अंकित जावला के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा में देशभक्ति से सराबोर कार्यकर्ता भारत माता की जय, हिन्दुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकले। तिरंगा यात्रा गंगनहर पुल से शुरू होकर कस्बे के मुख्य बाजार से होती हुई थाने के सामने समाप्त हुई, जहां पर थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने तिरंगा यात्रा का स्वागत किया, जिसके बाद भोपा थाने में सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया, जिसमें भाकियू अराजनैतिक के कार्यकर्ताओं के साथ साथ पुलिसकर्मियों ने भी भाग लिया, जिससे सारा वातावरण राष्ट्रभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। ब्लॉक अध्यक्ष अंकित जावला ने कहा तिरंगा यात्रा का मकसद आमजन में देश प्रेम की भावना जागृत करने व देश के प्रति समर्पण है। तिरंगा यात्रा में विक्रांत चौधरी ब्लॉक महासचिव, विपिन त्यागी मंडल महासचिव, ठाकुर कुशलवीर सिंह मंडल अध्यक्ष, युवा जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष रियाज, राजीव नगर अध्यक्ष भोकरहेड़ी, राधेश्याम त्यागी, ठाकुर राकेश सिंह, अरविंद चौधरी, आकाश चौधरी, इरशाद, नईम प्रधान, अश्वनी राठी आदि मौजूद रहे।

# चेयरपर्सन ने किया जीआईसी मैदान से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ



मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर स्वतंत्रता दिवस के प्रति देशभक्ति की भावना को प्रबल करने की खातिर भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा के बूते लोगों को जागरुक किया। भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से मंगलवार को आयोजित तिरंगा यात्रा का आगाज जीआईसी मैदान से नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप एवं पूर्व विधायक अशोक कंसल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जीआईसी मैदान से जोश और उत्साह के बीच नगरीय क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होकर निकली इस तिरंगा यात्रा में जनपद के भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा थामे, भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों के साथ आगे बढ़ रहे थे। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए तिरंगा यात्रा ने देशभक्ति का माहौल बना दिया। भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद में बीते 10 से 12 अगस्त तक प्रति दिन मंडलवार तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया गया था। इसी क्रम में जनपद के सभी मंडलों में हर्षोल्लास के साथ उक्त तिरंगा यात्राएं आयोजित की गई। मंगलवार को निकली इस तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेड़ा के नेतृत्व में स्थानीय लोगों का पूर्ण सहयोग देखने को मिला। इस बीच कई क्षेत्रों पर लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शहीद स्मारकों पर पहुंचकर वीर जवानों को नमन किया और उनके बलिदान को याद किया। चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं, अपितु यह हमारी अस्मिता, एकता और त्याग का प्रतीक है। स्वतंत्रता दिवस पर हमें घर-घर तिरंगा फहराकर अपने देश के प्रति सम्मान व गर्व प्रकट करना चाहिए। उन्होंने अपील की है कि इस स्वतंत्रता दिवस पर सभी अपने घर, कार्यालय और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा अवश्य ही फहराएं, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी देश के प्रति प्रेम और बलिदान की प्रेरणा मिले। इस दौरान श्रीमोहन तायल, दिनेश बंसल, सुनील दर्शन, सभासद प्रशांत, हिमांशु कौशिक, पूर्व सभासद आशुतोष गुप्ता, राजेश पाराशर, घनश्याम भगत, समेत अन्य सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अवैध निर्माण पर चला एमडीए का बुलडोजर

खतौली, 12 अगस्त (बु.)। विकास प्राधिकरण द्वारा नगर क्षेत्र के जानसठ रोड व बुढ़ाना रोड पर अवैध विकसित कॉलोनियों पर बुल्डोजर द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के एई एके जैन, जू.ई. राजीव कोहली, उमेश राय, नायब तहसीलदार राजीव त्यागी व कोतवाली उपनिरीक्षक आरिफ अली द्वारा भारी पुलिसबल के साथ जानसठ रोड, बुढ़ाना रोड पर लगभग 14 बीघा भूमि पर बिना स्वीकृत विकसित कॉलोनियों को बुलडोजर द्वारा ध्वस्त किये जाने की कार्यवाही की गयी।

प्राधिकरण के अनुसार कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर सरकारी इंटरलॉक बिछाकर अवैध कब्जा किया गया था। उन्होंने कहा कि बिना मानचित्र स्वीकृत कॉलोनी पूर्ण रूप से अवैध है, ऐसे में निर्माणाधीन कॉलोनियों पर सख्ती से कार्रवाई होगी। प्राधिकरण की इस कार्यवाही से भू स्वामियों में हड़कम्प मचा रहा।

# लायंस क्लब मुजफ्फरनगर *प्रयाग* की इंस्टॉलेशन सेरेमनी संपन्न





मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बुस.)। लायंस क्लब मुजफ्फरनगर "प्रयाग" (डिस्ट्रिक्ट 321-सी1) की इंस्टॉलेशन सेरेमनी होटल स्वर्ण इन में भव्य रूप से आयोजित की गई। कार्यक्रम के चेयरमैन लायन लावण्या पुरी और लायन कमल गोयल रहे, जबकि मुख्य अतिथि पीमेजी लायन विनय सिसोदिया (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) एवं उद्घाटन अधिकारी पीमेजी लायन विनय मित्तल (इंटरनेशनल डायरेक्टर एंडोर्स 2026-28) रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष लायन राजेश गर्ग (2025-26) एवं उनकी टीम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पीमेजी लायन पंकज बिजलवान, जिला संरक्षक लायन कुंज बिहारी अग्रवाल, स्टार ऑफ द इवनिंग एमजेएफ लायन अरविंद संगल, क्लब गाइडिंग लायन पीमेजी लायन रीना अग्रवाल, इंस्टॉलेशन ऑफिसर पीमेजी लायन आदित्य गुप्ता और इंडक्शन ऑफिसर पीमेजी लायन नवीन अग्रवाल सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन डॉ. विवेक कुमार एवं एमजेएफ लायन मनीष बंसल शामिल हुए। अधिष्ठापन समारोह में सात नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ दिलाई गई। सुनील गोयल, अभिषेक अग्रवाल, हर्ष गुलाटी, अमित सिंघल, संजीव बत्रा, अशोक शर्मा एवं मनीष गोयल को शपथ दिलाई गई। क्लब द्वारा एक ट्राई साइकिल को फैब्रिकेटेड कर गरीब व्यक्ति को दान दिया गया, जिसमें कि वह अपने जीवन यापन हेतु स्टेशनरी का सामान रख पाएगा। इसके अतिरिक्त एक व्हीलचेयर एक साइकिल तथा एक सिलाई मशीन भी समाज को समर्पित की गई, जिसका उद्घाटन गवर्नर एवं उनकी टीम ने किया। अधिष्ठापन समारोह में लायंस क्लब मुजफ्फरनगर प्रयाग के सभी सदस्य तथा ऑफिसर्स उपस्थित रहे, वहीं सभी क्लबों के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं ऑफिसर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लियोनेड रश्मि मिश्रा ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने सामूहिक भोज में सहभागिता की।

# आज जनपद में भाकियू ट्रैक्टर मार्च के बूते करेगी शक्ति प्रदर्शन

मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)। भाकियू टिकैत बुधवार को जनपद में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा के बूते शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। जनपद के विभिन्न ब्लाकों के साथ जनपद मुख्यालय पर होने वाले इन प्रदर्शनों की कड़ी में भाकियू कार्यकर्ता राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में एकत्रित होंगे और वहां से 10 बजे जुलूस के रूप में महावीर चौक, आर्य समाज रोड, मीनाक्षी चौराहा, शिवचौक, नावल्टी चौक, अंसारी रोड, मालवीय चौक, टाउन हॉल, झांसी की रानी, फायर ब्रिगेड, जिला परिषद मार्केट, प्रकाश चौक होते हुए कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर संबंधित अधिकारी को ज्ञापन देकर वापस महावीर चौक पर स्थित कार्यालय पर ट्रैक्टर मार्च का समापन करेंगे। ऐसे में नगर क्षेत्र में असुविधा से बचने के लिए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्ट करते हुए लोगों को इसके तहत ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है। इसके अलावा भाकियू बघरा ब्लॉक, शाहपुर ब्लॉक, मोरना ब्लॉक, जानसठ, खतौली, चरथावल, बुढ़ाना और पुरकाजी ब्लॉक में कार्यकर्ताओं के साथ निर्धारित पर शक्ति प्रदर्शन करेंगी। प्रशासन ने आमजन से अनुरोध किया है कि वे यात्रा मार्ग से बचें और वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें ताकि अपने कार्यों में बाधा न आए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि महावीर चौक या मीनाक्षी चौराहा से होकर गुजरना है तो यात्रा समाप्त होने के बाद ही निकलें।


## रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



मान्यवर,
अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूजनीय पिताजी
श्री सुदामा कुमार गर्ग (एडवोकेट) जी
का स्वर्गवास दिनांक 02 अगस्त 2025 दिन- शनिवार को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
जिनकी रस्म पगड़ी, दिनांक 14 अगस्त 2025, दिन- बृहस्पतिवार
को होनी निश्चित हुई है।

हवन (निज निवास) प्रातः 9:00 बजे
ब्रह्मभोज प्रातः 12:00 बजे
रस्म पगड़ी अपराह्न 02:00 बजे

स्थान- आशीर्वाद बैंकेट हॉल, जानसठ रोड,
लक्ष्मण विहार, मुजफ्फरनगर

-: शोकाकुल परिवार :-
अशोक कुमार गर्ग, नीरज कुमार गर्ग (भाई)
अभिषेक गर्ग (एड.), रोहित गर्ग (पुत्र)
एवं समस्त गर्ग परिवार

निवास स्थान- 244, खादरवाला, दीप फर्नीचर के सामने, मु. नगर
-: सम्पर्क सूत्र:-
M: 9760818032, 9627992205


## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विनीता मलिक (VINEETA MALIK)/ विनिता मलिक (VINITA MALIK) से बदलकर वनिता मलिक (VANITA MALIK) रख लिया है। अब भविष्य में मुझे वनिता मलिक (VANITA MALIK) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

Vanita Malik
W/o Rajkumar Malik
116/2, Gali No-13, Gandhi Colony
Muzaffarnagar

# मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाई बछड़े की जान

**- मुठभेड़ में 2 युवक घायल, तीसरे ने खुद किया सरेंडर**

बुढ़ाना, 12 अगस्त (बु.)। कोतवाल आनंद देव मिश्र की सजगता से एक बछड़े की जान बच गयी। बछड़े का वध करने का प्रयास करने वाले तीनों युवक अपनी जान? बचाने के उद्देश्य से बुढ़ाना पुलिस से ही मुठभेड़ कर बैठे, जिसमें से 2 युवकों को पुलिस की गोली लग गयी, जबकि एनकांउटर होने के डर की वजह से फरार युवक ने कॉम्बिंग के दौरान पुलिस टीम के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने मौके से एक जिंदा बछड़ा, पशुओं को काटने वाले उपकरण, तमंचे व कारतूस बरामद किए हैं। बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर चौकी इंचार्ज ललित कसाना को खबर मिली कि विज्ञाना मार्ग पर ईख के खेत में कुछ युवक एक बछड़े का वध करने की फिराक में है। तब उन्होंने कोतवाल आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में उक्त स्थान पर पहुंचकर मौके पर मिले युवकों को सरेंडर करने को कहा, तो उन्होंने सरेंडर करने के बजाए पुलिस टीम पर गोली चला दी, जिसमें कांस्टेबल गौरव पूनिया बाल-बाल बच गये। पुलिस ने भी मोर्चा संभालते हुए गोली मारकर 2 बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि तीसरे बदमाश ने एन्काउंटर होने के डर की वजह से पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस ने मौके से जिंदा बछड़ा, पशु काटने के उपकरण, 3 अवैध तमंचे, 4 कारतूस बरामद किये। पूछताछ में बदमाशों ने अपने नाम रईस निवासी लुहसाना रोड बुढ़ाना, नौशाद निवासी सम्भलहेड़ा थाना मीरापुर हाल पता सरधना मेरठ व मूसा निवासी गांव जौला बताया। गोली रईस व नौशाद को लगी है। तीनों बदमाशों पर पहले से ही एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराकर तीसरे बदमाश को जेल भेज दिया है, जबकि बछड़े को गौशाला छुड़वाया गया है।






संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Parikrama Marg, Muzaffarnagar
Approvals Affiliations
UNIVERSITY GRANT COMMISSION A++ NAAC UGC
www.srgcmzn.com src_mzn@rediffmail.com

Admission Open

Shri Ram Group of Colleges (IC)
BTech (CE, ME, EE, CSE, CSE (AI&ML), ECE)
Polytechnic (CE, ME, EE)
MBA | MCA | BArch | DPharm
Shri Ram Polytechnic
Polytechnic
(CE, ME, ME (Auto), EE, ECE, CSE)
ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)

Shri Ram College of Pharmacy
BPharm | DPharm
Shri Ram College of Law
BALLB | BComLLB | LLB

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srgcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Ranked among the "Top 25 NAAC Accredited Colleges of India" by NAAC (UGC)
Shri Ram College
First "Autonomous" College of the Universities of Western Uttar Pradesh

BCA | BBA | BCom | MCom | BFA | MFA | BSc- Agri | MSc-Agronomy
MSc- Agri Chemistry & Soil Sc | BSc-Phy, Chem, Maths, Zoology, Botany
MSc- Maths, Chem, Zoology, Botany | BSc- Biotech | MSc- Biotech
BSc- Microbio | MSc- Microbio | BSc- Clinical Nutrition & Dietetics
MSc- Home Mgmt, Food & Nutrition, Clothing & Textile | BAJMC | MAJMC
BPES | BPEd | BEd | MEd | BScBEd | BComBEd | BABEd (under ITEP)
Apprenticeship Embedded Degree Programs (AEDP)- BCom- Banking, Financial Services & Insurance, BSc- Tourism & Hospitality Mgmt
Certificate Courses * Professional Communication & Public Speaking * Computer Hardware & Networking * Landscaping & Ornamental Gardening * Protected Cultivation * Tally * Chemistry Laboratory Technique * Applied Physics for Renewable Energy System * Writing Skills for Modern Media * Bio-Entrepreneurship in Industrial Biotechnology & Microbiology * Beautician Course * Early Child Care & Education * Digital Marketing
Diploma * Journalism, Fashion Design * Jewelry Design * Nutrition & Dietetics * Sports Mgmt * Cyber Security & Digital Forensics * Data Analytics
P G Diploma * Educational Management & Administration
Advance Diploma * Software & Web Development
For SRGC Students One Certificate course is FREE and 75% Discount for additional Certificate and Diploma courses.

For Admission
Scan QR code
or
Register on
www.srcmzn.com
by clicking the link
Apply for
Registration: 2025-26

Note: Being Autonomous College, Shri Ram College is not available at Maa Shakumbhari University, Saharanpur Admission Portal
Scholarship more than ₹ 10 Crores Available

For Further Information Please Contact @
Engg: 9927074735, 9927079966; Arch: 9917111139; Poly: 9837755504, 9917116655; Pharmacy: 8077494402; Mgmt: 8791037733; Law: 9927227744; Bioscience: 9456895886; Computer Application: 9358348700; Business Administration: 9927729646; Sciences: 9411275100; Commerce & AEDP: 9917160786; Agriculture: 9412192801; Fine Arts: 9719402220; Education: 8394930091, 8533001769; Physical Edu: 7817861855; Journalism: 9927668855; Home Science & AEDP: 8800538281

## देहरादून में भारी बारिश ने मचाई तबाही, पेड़ उखड़े व 3 मकान गिरे, अलर्ट जारी

**देहरादून, 12 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून और आसपास के इलाकों में सोमवार को भारी बारिश हुई, जिसके कारण पेड़ उखड़ गए, मकान ढह गए और कई स्थानों पर जलभराव हो गया। सोमवार सुबह से शुरू हुई भारी बारिश के कारण पटेल नगर में दो मकान और गोविंदगढ़ पुल के पास लक्ष्मण चौक पर एक मकान ढह गया। बारिश देर शाम तक जारी रही। हालांकि, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। उसने कहा कि राजपुर रोड, ईश्वर विहार, कैनाल रोड, मलिक चौक, ब्रह्मवाला और धोरान सहित शहर में लगभग आधा दर्जन स्थानों पर पेड़ उखड़ गए। नेहरू ग्राम, किशनपुर कैनाल रोड, नत्थनपुर, गुच्चुपानी, माजरा राज्य विधानसभा भवन क्षेत्र, बिंदल बस्ती, पटेल नगर और कालीदास रोड सहित लगभग एक दर्जन कॉलोनियों में भारी जलभराव की सूचना मिली है। आपको बता दें कि लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से शहर की नदियों और नालों का जलस्तर खतरनाक स्तर तक बढ़ गया है। प्रशासन ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। सोमवार सुबह से शुरू हुई भारी बारिश के कारण पटेल नगर में दो मकान और गोविंदगढ़ पुल के पास लक्ष्मण चौक पर एक मकान ढह गया। हालत यह है कि शहर की सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जबकि नदी-नाले उफान पर हैं। मसूरी के पास जंगलों में बादल फटने की आशंका जताई जा रही है, जिससे देहरादून के नदी-नालों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है और सड़कों पर पानी का तेज बहाव देखा जा रहा है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवती अपने घर से मौहल्ले में ही स्थित अपने घेर में जा रही थी, रास्ते में उसी के मौहल्ले के आरोपी युवक हरबीर ने उसका पीछा कर गलत नियत से दबोचने का प्रयास किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौच कर दी। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए उसका काफी दूर तक पीछा करता रहा, जिससे पीड़िता काफी घबरा गयी। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले से ही उसे प्रताड़ित कर रहा है। पीड़ित ने अपने परिजनों के साथ शहर कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के विरुद्ध तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# झमाझम बारिश से मिली जिले में गर्मी व उमस से बड़ी राहत

**1** नगर में 36.6 एमएम बारिश से हुए जलभराव से लोग बेहाल

**2** गलियों से मुख्य बाजारों तक कीचड़ से लोग हो रहे बेहाल

**3** अगले एक सप्ताह बारिश होने की बढ़ रही संभावनाएं

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** मौसम के बदले मिजाज के बीच दिल्ली-एनसीआर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं हिमाचल के कुछ क्षेत्रों में अगले 07 दिनों के दौरान भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की है। वहीं उत्तराखंड के कुछ क्षेत्रों में 13 अगस्त में भारी बारिश होने के संकेत हैं। आईएमडी का अनुमान है कि यहां 21 सेमी से अधिक वर्षा भी हो सकती है। इसके साथ जम्मू में कुछ हिस्सों में 12 से 15 अगस्त के बीच में भारी बारिश की संभावना है। पूर्व मध्य भारत और उससे सटे उत्तरी प्रायद्वीपीय भारत में आगामी दिनों में मानसून का रौद्र रूप देखने को मिल सकता है।

मानसून की इस बार देश में समय से एक सप्ताह पूर्व दस्तक का असर पूरी तरह से देखने को मिल रहा है। मौसम के बदलते रुख ने दिल्ली-एनसीआर के साथ वेस्ट यूपी समेत मुजफ्फरनगर में इस बार बारिश ने मौसम को बड़ा बदलाव देने का काम किया है, जिससे खेतों में धान, गन्ना और चारे की फसलें लहलहराती हुई दिखाई दे रही हैं, वहीं गंगा-यमुना के किनारों पर बाढ़ का प्रकोप बढ़ जाने से स्थानीय लोगों का बुरा हाल है। मौसम में जारी इस बदलाव और बारिश के बढ़ते दबाव से सब्जी के किसानों को भारी नुकसान होने लगा है। बीते एक सप्ताह से अधिक समय से बारिश के दौर के बीच निचली बस्तियों में जलभराव की समस्या के साथ पुराने व कच्चे मकानों के टपकने का क्रम शुरू हो गया है, वहीं रिमझिम बारिश से गांव की पगडडी से शहर की गलियों व मुख्य बाजारों में कीचड़ हो जाने से लोगों के साथ दुकानदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। मंगलवार को इन्हीं हालातों के बीच अलसुबह शुरू बारिश से गलियों से निचली बस्तियों के साथ बाजारों और सड़कों पर फिर से जलभराव होने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि 11 बजे के करीब बारिश थम जाने से लोग फिर से घरों से निकलकर बाजारों में पहुंचे और अपने कार्यों को निपटाने में जुट गए। मौसम के बदलाव के बीच जनपद में गर्मी से राहत जारी रही। मौसम विभाग के आंकड़ों में मंगलवार को 36.6 एमएम बारिश के साथ



अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर 12 से 14 अगस्त के दौरान भारी बारिश की संभावना है, जबकि अरुणाचल, बिहार, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। वहीं 12 से 15 अगस्त के बीच हरियाणा, चंडीगढ़, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अत्यधिक भारी बारिश होने की संभावना है।

## पति से झगड़े के बाद हैवान बनी मां, मासूम को दो मंजिला छत से फेंका, मौत

**हापुड़, 12 अगस्त (एजेंसी)।** हापुड़ में एक कलयुगी मां ने अपने डेढ़ साल के मासूम बच्चे की जान ले ली। महिला का पति के साथ झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उस पर ऐसा भूत सवार हुआ कि वो हैवान बन गई और मासूम बच्चे को दो मंजिला मकान की छत से नीचे फेंक दिया। पति का कहना है कि सोमवार को भी दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था, जिसके बाद पत्नी आवेश में आकर घर की दो मंजिला छत पर चली गई। जहां डेढ़ साल का मासूम अहद अपने बड़े भाई के साथ खेल रहा था। जिसके बाद मां ने उसे गोद में उठाकर नीचे फेंक दिया। जिसके बाद पूरे घर में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने जब बच्चे को उठाया तो उसकी मौत हो चुकी थी। जिसके बाद पिता वसीम ने नगर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत की। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को अपनी हिरासत में ले लिया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी मच गई है। हालांकि पुलिस का इस घटना को



लेकर कुछ और ही कहना है। नगर कोतवाली इंस्पेक्टर मुनीश प्रताप सिंह ने प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि डेढ़ साल का मासूम बच्चा अहद अपने बड़े भाई के साथ दो मंजिला मकान की छत पर खेल रहा था, तभी खेलते-खेलते वह नीचे गिर गया। ये दर्दनाक घटना हापुड़ में नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मजीदपुरा की है, जहां रहने वाले वसीम की शादी पांच साल पहले बिहार की रहने वाली शबाना से हुई थी। बताया जा रहा है कि शादी से दोनों के दो बच्चे हुए। वसीम का आरोप है कि उसकी पत्नी घर में आए दिन बात-बात कर क्लेश करती थी।

## रामपुरी के नागरिकों ने की संदिग्ध लोगों को रुड़की रोड मार्ग से हटाने की मांग

**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** आज रामपुरी के वार्ड-21 के निवासी जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और ज्ञापन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई वर्षों से रूड़की रोड पर बिजलीघर के सामने कुछ संदिग्ध लोग लम्बे समय से पड़े हैं, जिन्होंने अपनी ोपड़ियां डालकर बेशकीमती जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा ऐतराज आम नागरिकों को इनके मांसाहार खाने से है। नागरिकों का बताना है कि उक्त लोग अपनी झुग्गी झोपड़ियों में अजीब-अजीब जानवरों को मारकर खा जाते हैं और उनके अवशेष सड़कों पर छोड़ देते हैं, जिससे वहां चील-कुत्ते इत्यादि उन मांस के टुकड़ों को उठाकर हिन्दुओं के घरों में डाल देते हैं, क्योंकि रामपुरी क्षेत्र हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र है, इस कारण मांस के रोज घर में आने से अशुद्धि फैलती है। इतना ही नहीं इस क्षेत्र में गरीबी और ोपड़ी की आड़ में अवैध व अनैतिक धंधे भी होते हैं। कुल मिलाकर आम नागरिकों ने परेशान होकर यहां तक कहा कि कुछ मुस्लिमों ने भी इस भूमि पर अवैध कब्जा किया हुआ है और किसी के पास भी किसी प्रकार का कोई मालिकाना कागज किसी दुकान का नहीं है। ऐसे में प्रशासन इस ओर ध्यान दे और पूरे मामले की जांच कर उक्त भूमि को खाली कराने का काम करे।



## तीन किशोरियों को बहला-फुसलाकर ले जाने से हड़कंप

**भोपा, 12 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी गैर संप्रदाय के व्यक्ति ने भोपा थाने पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते सोमवार की दोपहर उसकी नाबालिग बहन को समीर पुत्र शहजाद निवासी ग्राम कासमपुर भूड़ाहेड़ी थाना पथरी जिला हरिद्वार बहला-फुसलाकर, अपहरण कर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने काफी तलाश करने के बाद किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए किशोरी की बरामदगी की मांग की है। वहीं ककरौली थाने पर पहुंचे थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी बहन जानसठ स्थित एक कॉलेज में स्नातक की छात्रा है। बीते सोमवार को वह पढ़ने के लिए घर से निकली थी, तभी रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कितास निवासी ऋतिक पुत्र कृष्णपाल उसकी बहन को बहला-फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के ही गांव निवासी एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बीते सोमवार की सुबह वह अपने पति के साथ जंगल में काम करने के लिए गई थी और उसकी पुत्री घर में अकेली थी। आरोप है कि पड़ोस का ही रहने वाला श्रवण पुत्र जयपाल उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। दोनों पीड़ितों ने भी ककरौली थाने पर मुकदमा दर्ज कराकर किशोरियों की सकुशल बरामदगी और आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है। वहीं एक ही दिन में दो थाना क्षेत्र की तीन किशोरियों के बहलाकर ले जाने की घटनाओं से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है।

## पूर्व पेंटागन अधिकारी ने पाकिस्तान को लताड़ा असीम मुनीर सूट पहने लग रहे थे ओसामा बिन लादेन

**पेंटागन, 12 अगस्त (एजेंसी)।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर को परमाणु धमकी वाले बयान पर पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने जारदार हमला बोला है। माइकल रुबिन ने पाकिस्तान को दुष्ट बता दिया है। उन्होंने मुनीर की तुलना ओसामा बिन लादेन से कर दी है। पेंटागन के पूर्व अधिकारी और मध्य पूर्व विश्लेषक माइकल रुबिन ने कहा कि पाकिस्तान का व्यवहार पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने सेना प्रमुख असीम मुनीर के बयानों की तुलना आईएसआईएस और ओसामा बिन लादेन द्वारा पहले दिए गए बयानों से की। रुबिन ने कहा, 'पाकिस्तान कई लोगों के मन में यह सवाल उठा रहा है कि क्या वह एक राष्ट्र होने की जिम्मेदारियां निभा पाएगा। फील्ड मार्शल की बयानबाजी इस्लामिक स्टेट से सुनी गई बातों की याद दिलाती है।' पाकिस्तानी सेना प्रमुख और फील्ड मार्शल असीम मुनीर ने अमेरिकी धरती से कहा था, 'हम एक परमाणु राष्ट्र हैं। अगर हमें लगता है कि हम नीचे जा रहे हैं, तो हम अपने साथ आधी दुनिया को भी नीचे ले जाएंगे।' रुबिन ने पाकिस्तान का एक प्रमुख गैर-नाटो सहयोगी का दर्जा छीनने की मांग की है। साथ ही पाक को आतंकवाद का प्रायोजक देश घोषित करने की भी मांग की। रुबिन ने यह भी सुझाव दिया कि जनरल मुनीर को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया जाना चाहिए और उनके अमेरिकी वीजा पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। रुबिन ने कहा, 'जब असीम मुनीर परमाणु धमकी दे रहे थे, उसके 30 मिनट के भीतर ही उन्हें बाहर निकाल दिया जाना चाहिए था। टाम्पा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ले जाया जाना चाहिए था, और अमेरिका से बाहर भेज दिया जाना चाहिए था।' पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति ट्रंप का पाकिस्तान के



साथ निरंतर संपर्क बाहरी कारकों से प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि ट्रंप का दृष्टिकोण अमेरिका-भारत साझेदारी के लिए पारम्परिक रूप से मजबूत द्विदलीय समर्थन से अलग है, जो जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रशासन के बाद से विकसित हुआ है।

## सो रहे मां-बेटों को 'काले सांप' ने काटा, तीनों की मौत

**बारां, 12 अगस्त (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के रहने वाले मां-बेटों की सांप के काटने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि महिला अपने दोनों बेटों के साथ राखी मनाने के लिए राजस्थान के बारां जिले गई थी। जानकारी के अनुसार, सुबह 5 बजे के करीब मां-बेटों को सोते समय कॉमन करैत सांप ने काट लिया, जिसके बाद तीन के मुंह से सफेद झाग निकलने लगा। तीनों को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। आनन-फानन में परिजन झाड़-फूंक कराने पहुंचे। इलाज में देरी होने के कारण तीनों की जान नहीं बचाई जा सकी। मायके वाले मां-बेटों को राजस्थान से कोलारस लेकर पहुंचे थे। यहां पर झाड़-फूंक कराया। फिर शिवपुरी जिले बदरवास कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, यहां पर डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मगर, मायके वाले मृत मानने के लिए तैयार नहीं थे, जिसके बाद वह अस्पताल से शव लेकर गुना जिले के मोरखेरा गांव में फिर झाड़-फूंक कराने पहुंच गए। रमेश बलाई ने बताया- बेटी और उसके 2 बच्चे रक्षाबंधन पर गांव आए हुए थे। इसको लेकर घर में खुशी का माहौल था। सोमवार रात को खाना खाने के बाद सभी लोग अपने-अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह करीब 5 बजे चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं कमरे में पहुंचा, तो तीनों के मुंह से झाग निकल रहा था। और उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी।



## हिंसा मामले में बर्क को राहत तो अवैध निर्माण मामले आ गई आफत

**संभल, 12 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के संभल में समाजवादी पार्टी से सांसद जियाउर्रहमान बर्क मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। उपजिला मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने बिना नक्शा पास कराए मकान निर्माण मामले सुनवाई की है। एसडीएम कोर्ट ने सांसद बर्क को मकान के 1 मीटर गहराई और 14 मीटर लंबाई वाले हिस्से को अवैध मानते हुए हटाने का निर्देश दिया है। इसके लिए बर्क 30 दिन का अल्टीमेटम भी मिला है। साथ ही कोर्ट ने जुर्माना भी लगाया है। बर्क पर दीपा सराय इलाके में बिना नक्शा पास कराए मकान के निर्माण का आरोप है। इस सिलसिले में पिछले साल पांच दिसंबर को विनियमित क्षेत्र उपजिलाधिकारी की ओर से बर्क को नोटिस जारी किया गया था। इस मामले में सपा सांसद को लगातार नोटिस दिए गए और कई तारीखें दी गईं। आखिरकार 28 जुलाई को उप जिलाधिकारी की अदालत ने 11 अगस्त को आदेश सुनाने को कहा था। अदालत ने सांसद बर्क द्वारा बिना नक्शा पास कराये अपना मकान बनवाये जाने को लेकर उन पर एक लाख 35 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। इस मामले में फैसला सुनाने वाले उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र ने बताया कि सांसद द्वारा प्रस्तुत संशोधित नक्शे को स्वीकार करते हुए शमन शुल्क के पांच हजार 707 रुपये जमा कराये गये हैं। इसके अलावा उन पर एक लाख 35 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी, याचिकाकर्ताओं से कहा-अगर आप साबित कर दें गड़बड़ी तो बंद कर देंगे प्रक्रिया

**नई दिल्ली, 12 अगस्त (एजेंसी)।** बिहार में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। इस पर याचिकाकर्ताओं से कोर्ट ने कहा है कि अगर सितंबर में भी साबित कर दिया कि प्रक्रिया अवैध है, तो इस पर रोक लगा दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि पांच करोड़ लोगों की फिर से जांच चल रही है और सिर्फ कुछ महीनों का ही समय दिया गया है। इस पर कोर्ट ने यह बात कही है। सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल करके एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती दी गई है। दावा किया गया है कि प्रक्रिया में कई गड़बड़ियां हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच मामले पर सुनवाई कर रही है। एक याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, 'साल 2003 में वोटर लिस्ट में रहे पांच करोड़ लोगों को फिर से जांचा जा रहा है? इसके लिए कुछ महीनों का समय दिया है।' इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चिंता न करें। अगर 5 करोड़ लोगों को बाहर कर दिया, तो कोर्ट है। कोर्ट ने कहा कि नागरिकता तय करने का नियम संसद बनाती है, लेकिन जो नियम हैं, उनका सब पालन करते हैं।



कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा, 'अगर आप लोग सितंबर में भी साबित कर देंगे कि प्रक्रिया अवैध है, तो हम उसे बंद करवा देंगे।' कोर्ट ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ी, तो हम सिर्फ कल ही नहीं, परसों भी सुनवाई करेंगे। एसआईआर को लेकर जिन लोगों ने याचिकाएं दाखिल की है, उनमें कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, राज्यसभा सांसद मनोज कुमार झा, सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव, लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा, एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स, पीयूसीएल और नेशनल फेडरेशन फॉर इंडियन वूमेन शामिल हैं। सुनवाई के दौरान योगेंद्र यादव ने कहा कि किसी राज्य में वयस्क लोगों की संख्या और वोटर की संख्या को देखना चाहिए। दुनिया में जहां भी सरकार की जगह नागरिक को खुद को वोटर साबित करने को कहा जाता है, वहां बड़ी संख्या में लोग लिस्ट से बाहर होते हैं और ये गरीब लोग होते हैं। योगेंद्र यादव ने कहा कि महिलाओं की बड़ी संख्या है, जिन्हें स्थानांतरित बता रहे हैं, जबकि पुरुषों का ज्यादा पलायन होता है। उन्होंने कहा कि 65 लाख लोगों को हटाना बहुत बड़ी बात है। योगेंद्र यादव ने एक महिला और पुरुष को कोर्ट में दिखाया, जिन्हें ड्राफ्ट लिस्ट में मृत बताया गया है।

## किश्तवाड़ में मुठभेड़, गोलियों की गूंज से दहला किश्तवाड़

**किश्तवाड़, 12 अगस्त (एजेंसी)।** किश्तवाड़ के डूल इलाके के घने जंगल में आतंकी गुफाओं में पनाह लेते रहे हैं। सुरक्षाबलों ने सोमवार सुबह एक गुफा में आतंकियों के छिपे होने की आशंका पर इसके मुहाने पर गोलीबारी के साथ विस्फोटक दागा। जंगल में आतंकवादियों को मार गिराने के लिए सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने बताया कि गुफा के बाहर विस्फोट किया गया है। हिजबुल मुजाहिदीन के दो मोस्ट वांटेड आतंकियों रियाज अहमद और मुदस्सर अहमद के जंगल में छिपे होने के विशेष इनपुट पर रविवार तड़के सुरक्षाबलों ने जंगल में तलाशी अभियान शुरू किया था। आतंकियों ने सुबह करीब 6:30 बजे सर्च ऑपरेशन कर रहे जवानों पर गोलीबारी की। जवाबी कार्रवाई में मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना के पैरा कमांडो, पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने पूरे जंगल की घेराबंदी कर रखी है। बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। आतंकियों की तलाश के लिए ड्रोन की मदद भी ली जा रही है। आतंकवादियों की ओर से रविवार शाम को आखिरी बार गुफा के पास से गोलीबारी की गई थी। यह गुफा काफी गहरी बताई जा रही है।

## जीएसटी ऑफिस में तैनात आईएएस संदीप भागिया पर महिला अधिकारियों ने लगाया संगीन आरोप, कहा घंटों तक घूरते हैं

**नोएडा, 12 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी राज्य कर विभाग के नोएडा कार्यालय में अपर आयुक्त के पद पर तैनात एक आईएएस अधिकारी संदीप भागिया के खिलाफ विभाग की महिला अधिकारियों ने शोषण और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला अधिकारियों की ओर से सीएम योगी से शिकायत की गई है। पीड़ित महिला अधिकारियों ने सीएम योगी से कहा है कि यह आईएएस अफसर महिला अधिकारियों को घंटों अपने कार्यालय में बैठाकर घूरते रहते हैं। देर रात महिला अधिकारियों को फोन करते हैं। एक आईएएस अफसर पर लगे आरोप से विभाग में भी चर्चा का बाजार गर्म हो गया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ से की गई लिखित शिकायत में महिला अधिकारियों ने लिखा है, "हम सभी महिला अधिकारी नोएडा जोन में सचल दल एवं सेक्टर में कार्यरत हैं। पिछले लगभग 4 माह से जबसे संदीप भागिया नोएडा जोन में



अपर आयुक्त बने हैं, इनके द्वारा शोषण एवं अमानवीय व्यवहार के साथ-साथ हमारे साथ गुलामों जैसा व्यवहार किया जा रहा है।" इस पत्र में पांच अगस्त की तारीख अंकित है। यह पत्र राज्यपाल, यूपी राज्य महिला आयोग, मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय, अपर मुख्य सचिव राज्यकर विभाग एवं राज्यकर लखनऊ के कमिश्नर को भेजी गई है। पत्र में आगे लिखा है, "संदीप भागिया महिला अधिकारियों के साथ गलत भाषा और अपशब्दों का प्रयोग करते हैं... महोदय, ये महिला अधिकारी को घंटों अपने कार्यालय में बैठाकर/खड़ा कर घूरते हैं तथा लगातार धमकी भरे शब्दों को प्रयोग करते हैं। ये रात-रातभर महिला अधिकरियों को फोन करते हैं। वीडियो कॉल करते हैं। ये महिला अधिकारी को छुप-छुपकर घंटों तक घूरते रहते हैं, उनका वीडियो बनाते हैं। यदि किसी अधिकारी द्वारा इनके इस कृत्य का विरोध किया जाता है, तो उसे मामले में फंसाकर निलम्बित करवा देते हैं।

# श्रीगोलोक धाम से धूमधाम के साथ निकली पालकी यात्रा

## ▶▶ बुलेटिन संपादक परिवार संग पालकी यात्रा में हुए शामिल ▶▶ उद्यमी राकेश बिंदल ने की प्रसाद वितरण की व्यवस्था

















**मुजफ्फरनगर, 12 अगस्त (बु.)।** गांधी कॉलोनी स्थित श्री श्रीगोलोक गोपेश्वर तीर्थ से बैंड बाजों, डीजे व ढोलक की भक्ति धुनों पर महिला-पुरुष व बच्चों के साथ हर आयु वर्ग के भक्तों की टोली ने गांधी कॉलोनी क्षेत्र को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्री राधा माधव जी के 23वें भव्य पाटोत्सव के बीते दिवस गणेश पूजन एवं ध्वजा पूजन के साथ शुरू महोत्सव के बीच मंगलवार को श्री श्रीगोलोक धाम मंदिर से जुड़े 108 परिवारों के साथ बड़ी संख्या में श्रीराधा-रानी के भक्तों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और गांधी कॉलोनी के मुख्य मार्गों से होकर पालकी यात्रा दोपहर बाद श्रीगोलोकधाम मंदिर परिसर में विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान श्री राधानाम के मधुर संकीर्तन से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा और भक्त ढोल मंजीरे बजाते हुए भक्ति भाव विभोर होकर नृत्य करते हुए इस भव्य पालकी यात्रा में निकले।

मंगलवार को गांधी कॉलोनी श्री गोलोक धाम मंदिर में बीते दो दिनों से जारी 23वें पाटोत्सव में गोलोक धाम से पालकी यात्रा का प्रारंभ किया गया, जिसमें इस बीच सबसे आगे राधा नाम ध्वज को लेकर भक्तजन चल रहे थे। इस बीच पालकी यात्रा में बरेली से पधारे मौजी बाबा जी का आशीर्वाद पाने को भक्तों ने पूर्ण उत्साह व भक्तिभाव से प्राप्त किया वहीं भव्य रथ पर सवार गोपेश्वर महादेव जी ने सबको दर्शन देकर अपनी कृपा बरसाई। इस दौरान श्रीराधा रानी के भक्तों ने अलग-अलग टोलियों में राधा नाम का संकीर्तन करते हुए नाचते-गाते अपने श्यामा-श्याम को रिझाया। इस कड़ी में पंजाब से बुलाये गये रंगोली बनाने वाले कलाकारों द्वारा यात्रा मार्ग पर जगह-जगह पालकी के आगे बनाई बहुत सुंदर रंगोली लोगों के आकर्षण के केंद्र में रही, जिससे श्याम जी का नए अंदाज में स्वागत किया गया। पालकी के आगे भक्तों द्वारा पानी के छिड़काव के साथ साफ-सफाई ने भक्ति भावना को प्रेरित किए रखा। वहीं दूसरी ओर यात्रा मार्ग में महिलाओं द्वारा पुष्प वर्षा करके श्री श्यामा-श्याम जी का भव्य स्वागत किया। इस पालकी यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र पालकी रही, जिसे श्री गोलोकधाम के कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष एक नए रथ का स्वरूप दिया गया, जिसे देखकर भक्त भाव विभोर दिखाई दिए। यह रथ भक्तों द्वारा खींचा जा रहा था, वहीं पालकी में सवार भक्त टकटकी लगाकर अपने प्रभु को निहार रहे थे। गांधी कॉलोनी में निकली भव्य पालकी यात्रा का जगह-जगह प्रसाद वितरण के साथ भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख उद्यमी राकेश कंसल ने अपने परिवार के साथ पालकी यात्रा का स्वागत करते हुए भक्तों को प्रसाद वितरित किया। श्री श्रीगोलोक गोश्वर तीर्थ सेवा सुख परिवार द्वारा आयोजित किए गए 23वें दिव्य पाटोत्सव कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूजा दुआ समेत इस कार्यक्रम में पधारे अन्य अतिथियों का स्वागत श्री गोलोकधाम मंदिर के प्रमुख सेवक सतीश सेठी, ब्रजमोहन बाठला, सुरेश छाबड़ा, राजकुमार, रमन जालोत्रा, गांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी अध्यक्ष पवन छाबड़ा द्वारा किया गया। पालकी यात्रा में संपन्न किए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय कृष्ण, अमित अरोड़ा, सतीश सुनेजा, किशन ठकराल, रमेश खत्री, अश्वनी शर्मा, श्याम जसूजा, नरेश नंदन, डॉ. कृष्ण शर्मा, आकाशदीप, आशीष, कार्तिक, राजू रहेजा, अभिनव, पुनीत व विजय गिरधर आदि मौजूद रहे।